# अनुसंधान सहायक (रिसर्च एसोसियेट) पद के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन

आईआईएफसीएल भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला उद्यम है। आईआईएफसीएल देश में विभिन्न व्यवहार्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। कंपनी सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, अंतर्देशीय जलमार्ग, बिजली, शहरी बुनियादी ढांचे, गैस पाइपलाइन, एसईजेड, गोदामों, कोल्ड स्टोरेज चेन और पर्यटन सहित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कंपनी घरेलू बाजार, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एजेंसियों जैसे जेबीआईसी, केएफडब्ल्यू, एडीबी और विश्व बैंक से दीर्घकालिक संसाधन जुटाती है।

आईआईएफसीएल नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रिसर्च एसोसिएट के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

## 1. योग्यताएं

| क्र.सं. | ज्ञान क्षेत्र (Domains) | शैक्षिक योग्यता | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ईएसएमयू(ESMU) | समाजविज्ञान/पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण प्रबंधन में परास्नातक(पीजी) की डिग्री | 02 |
| 2 | नियोजन, , अनुसंधान एवं विकास | अर्थशास्त्र, सांख्यिकी/ परिचालन अनुसंधान में परास्नातक(पीजी) की डिग्री | 02 |
| 3 | ऋण मूल्यांकन एवं उचित अध्यवसाय (वित्तीय) | एमबीए(वित्त) अथवा सीए अथवा प्रबंधन में दो साल की पूर्णकालिक परास्नातक(पीजी) की डिग्री | 03 |
| 4 | जोखिम विभाग | एमबीए(वित्त) अथवा सीए अथवा आईसीडब्लए अथवा सीएस | 01 |
| 5 | अनुपालना | सीए/एमबीए/ परास्नातक(पीजी) की डिग्री अथवा समतुल्य और प्रमाणित बैंकिंग अनुपालना पेशेवर को प्राथमिकता | 01 |
| 6 | मा.सं. एवं सामान्य प्रशासन | एमबीए(एचआरएम)/ एमएसडब्लू/ अर्थशास्त्र/ कामर्स(वाणिज्य) में परास्नातक(पीजी) | 01 |
| 7 | आंतरिक लेखापरीक्षा | लेखांकन, वित्त अथवा अर्थशास्त्र में परास्नातक(पीजी) की डिग्री<br>लेखापरीक्षा सहायक के रूप में कार्य अनुभव को प्राथमिकता | 01 |
| | | **कुल** | **10**<br>**अनारक्षित-04,ओबीसी-02, एससी-01, एसटी -01, ईडब्लूएस -02** |

## 2. राष्ट्रीयता/नागरिकता

उम्मीदवार निश्चित रूप से भारत का नागरिक हो।

3. **अन्य नियम एवं शर्तें**

**(क) संवर्ग(कैडर)** : एक्जीक्यूटिव इंटर्न या रिसर्च एसोसिएट को इंटर्नशिप के पूरे कार्यकाल के दौरान कंपनी में पूरी तरह से इंटर्न माना जाएगा।

**ख) निश्चित वेतन(वृत्ति)**

इंटर्न की सभी नियुक्तियां कॉस्ट-टू-कंपनी के आधार पर होंगी। सभी समावेशी एकमुश्त मासिक निर्धारित वृत्ति(वजीफा) के अलावा कोई अन्य लाभ/अनुलाभ/भत्ते आदि देय नहीं हैं। तीन वर्षों के लिए वृत्ति(वजीफा) हरेक वर्ष के लिए प्रत्येक माह के अंत में देय आनुपातिक रूप से निम्नानुसार हो सकता है:

| **वर्ष** | **कुल एकमुश्त प्रति माह देय राशि (रूपयों में)** |
|---|---|
| **प्रथम वर्ष** | 50000 |
| **द्वितीय वर्ष** | 60000 |
| **तृतीय वर्ष** | 70000 |

संबंधित क्षेत्र में कट-ऑफ तिथि के अनुसार दो वर्ष या उससे अधिक के अनुभव वाले अनुसंधान सहायकों को इंटर्नशिप की अवधि के दौरान 70000 रुपये का वृत्ति(वजीफा) दिया जाएगा।

**ग. अधिकतम आयु :** आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु निर्धारित कट- ऑफ तिथि के अनुसार 35 वर्ष निर्धारित की गई है। (आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार है)

**घ. कट ऑफ तिथि:** उक्त पद के लिए आवश्यक योग्यता और अनुभव के लिए कट-ऑफ तिथि 31/07/2022 के अनुसार मानी जाएगी।

4. अनुसंधान सहायक की संविदा नियुक्ति के नियम और शर्तें (प्रथम पक्ष: आईआईएफसीएल और द्वितीय पक्ष: कार्यकारी प्रशिक्षु/अनुसंधान सहायक)

अनुबंध नियुक्ति के मानक नियम और शर्तें अनुबंध के आधार पर इंटर्नशिप के लिए लगे सभी रिसर्च एसोसिएट के लिए आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू हैं।

I. अवधि: प्रथम पक्ष के साथ द्वितीय पक्ष की अनुबंध की अवधि रिपोर्टिंग की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

II. **कार्य उत्तरदायित्व/परियोजना आवंटन:** द्वितीय पक्ष ऐसे सभी कर्तव्यों/परियोजनाओं को क्रियान्वित और निष्पादित करेगा जो समय-समय पर प्रथम पक्ष द्वारा उन्हें सौंपे जाएंगे और प्रथम पक्ष अपने विवेक पर इन्हें बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

III. **नियुक्ति**(प्लेसमेंट): चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के किसी भी कार्यालय/विभाग/ वर्टिकल(सापेक्ष) में तैनात किया जा सकता है।

IV. अवकाश : दूसरा पक्ष प्रति कैलेंडर वर्ष 15 दिनों की दर से छुट्टी का हकदार होगा (किसी भी आंशिक अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर गणना की जाने वाली छुट्टी)। उपरोक्त अवधि के बाद किसी भी अनुपस्थिति को बिना वेतन के छुट्टी के रूप में माना जाएगा।

V. **आवास:** दूसरे पक्ष को अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

VI. **अधिवर्षिता लाभ:** द्वितीय पक्ष अनुबंध की अवधि के दौरान प्राप्त इंटर्नशिप के संबंध में किसी भी सेवानिवृत्ति/टर्मिनल लाभ का हकदार नहीं होगा।

VII. **वरिष्ठता:** दूसरे पक्ष का किसी भी वरिष्ठता के लिए या तो अनुबंध के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों में या कंपनी के नियमित कर्मचारियों के बीच, कोई दावा नहीं होगा, क्योंकि इंटर्न की प्रत्येक अनुबंध की नियुक्ति स्टैंड-अलोन आधार पर होगी।

VIII. **आचरण और अनुशासन:** द्वितीय पक्ष को आईआईएफसीएल कर्मचारी सेवा विनियमन (2007) के अनुसार नियमित अधिकारी के लिए लागू आचार संहिता और अनुशासन द्वारा शासित होने के लिए अवश्य सहमत होना चाहिए।

IX. **संविदा(अनुबंध) का समापन**

क) अनुबंध की अवधि के दौरान, किसी भी पक्ष को कम से कम एक महीने की पूर्व सूचना या नोटिस के एवज में एक महीने के मुआवजे के साथ उचित कारण के लिए अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार होगा, बशर्ते कि ऐसा नोटिस प्रथम पक्ष की ओर से आवश्यक हो या उसके बदले मुआवजा नहीं दिया जाएगा, जहां समाप्ति दूसरे पक्ष द्वारा सहमत आचार संहिता और अनुशासन के तहत निर्दिष्ट कदाचार के लिए है, जो कि इस उद्देश्य के लिए निर्धारित तरीके से आचार संहिता और अनुशासन की गई जांच में दर्ज संतोषजनक साक्ष्य द्वारा समर्थित है।

ख) उपरोक्त उपधारा(खंड) (क) के अनुसार सहमत शर्तों के बावजूद, अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर प्रथम पक्ष के साथ संविदा नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। समाप्ति का औपचारिक आदेश जारी करने या इस संबंध में कोई पूर्व सूचना देने के लिए प्रथम पक्ष की ओर से कोई बाध्यता नहीं होगी। दूसरा पक्ष सहमत हो सकता है कि अनुबंध की समाप्ति या समाप्ति पर कोई वृत्ति(वेतन) देय नहीं होगा।

X. **अनुबंध पर पुनर्नियुक्ति**: अनुबंध पर नियुक्त प्रशिक्षु प्रथम पक्ष के साथ योजना के तहत अनुबंध पर पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

XI. **प्रथम पक्ष के साथ नियुक्ति:** द्वितीय पक्ष को प्रथम पक्ष के साथ नियमित नियुक्ति के लिए विचार करने का कोई अधिकार नहीं होगा। हालांकि वह अन्य उम्मीदवारों के लिए लागू निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार अन्य बाहरी उम्मीदवारों के साथ ऐसी नियुक्ति के लिए उपस्थित हो सकता है और प्रतिस्पर्धा कर सकता है।

XII. **गोपनीयता:** दूसरा पक्ष सामान्य तर्ज पर गोपनीयता की घोषणा पर हस्ताक्षर करेगा।

XIII. **कंपनी के हितों की रक्षा के लिए वचनबद्धता:** द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष के हितों की रक्षा के लिए एक शपथपत्र(वचनबद्धता) पर हस्ताक्षर करेगा।

## 4. आवेदन कैसे करें:-

योग्य उम्मीदवार 27 अगस्त, 2022 को या उससे पहले सभी प्रासंगिक प्रमाणित दस्तावेजों के साथ अपने आवेदन पत्र में ई-मेल के माध्यम से भर्ती recruitment@iifcl.in पर भेज देंगे।

साथ ही, आवेदकों को संबंधित प्रमाणित दस्तावेजों के साथ पूरे मूल आवेदन पत्र को (डाक द्वारा) भेजना होगा:

महाप्रबंधक-एचआर
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,
5 वीं मंजिल,
ब्लॉक 2, प्लेट ए और बी,
एनबीसीसी टॉवर, ईस्ट किदवई नगर,
नई दिल्ली-110023

## 5. आवेदन पत्रों का प्राप्त करने की अंतिम तारीख :

विज्ञापन की तिथि के 15 दिनों के भीतर